UK Health Security Agency

NHS

COVID-19 टीका

कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए

जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर है उन्हें सलाह दी जाती है कि COVID-19 टीके की तीसरी खुराक लें। इससे उस सुरक्षा को बेहतर करने में मदद मिलती है जो पहली 2 खुराकों से आपकी निर्मित हुई है, और यह आपको बूस्टर से पहले दी जाती है।

COVID-19 या कोरोनावायरस क्या है?

COVID-19 एक बहुत ही संक्रामक श्वसन रोग है जो SARS-CoV-2 वायरस के कारण होता है। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में यह बहुत गंभीर हो सकता है। COVID-19 का कोई इलाज नहीं है, हालांकि कुछ नए परीक्षण किए गए उपचार जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

मुझे COVID-19 वैक्सीन की तीसरी खुराक क्यों दी जा रही है?

तीसरी खुराक उन लोगों को दी जा रही है जिनकी उम्र 5 वर्ष है और जिनकी उस समय प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर थी जब COVID-19 टीके की पहली 2 खुराकें दी गई थी। हो सकता है कि आप अन्य लोगों की तरह प्रतिक्रिया ना दें। यह तीसरी खुराक आपकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने और आपको बेहतर सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर सकती है।

आपका विशेषज्ञ सलाह दे सकता है कि क्या यह आप पर लागू होता है या नहीं। तीसरी खुराक लेने से आप COVID-19 संक्रमण की संभावना को कम कर सकते हैं।

और, यदि रोग होता है, तो लक्षण कम गंभीर हो सकते हैं और रोग कम हो सकता है, यदि आपने तीसरा टीकाकरण नहीं करवाया था।

जिन लोगों को तीसरी खुराक की आवश्यकता होती है, वे होते हैं जिनकी पहली 2 खुराक के समय गंभीर रूप से कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली थी। इसमें वे लोग शामिल हैं जिन्हें निम्न लिखित थे या है:

- खून में कैंसर (जैसे ल्यूकेमिया या लिंफोमा)
- उपचार के कारण कम प्रतिरक्षा (जैसे स्टेरॉयड दवा, जैविक चिकित्सा, कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी)
- प्रतिरक्षा प्रणाली के वंशानुगत विकारों के कारण कम प्रतिरक्षा
- एक अंग या बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- रोग जो प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करते हैं जैसे कि अनियंत्रित एच.आई.वी
- आपके विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार अन्य रोग या उपचार

मुझे तीसरी खुराक कब लेनी चाहिए?

अपनी सुरक्षा बिहतर करने के लिए आपको 1 अतिरिक्त खुराक चाहिए होगी। आपकी अतिरिक्त (तीसरी) खुराक आपकी दूसरी खुराक के कम से कम 8 सप्ताह बाद दी जानी चाहिए।

उसके बाद आपको अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए बूस्टर खुराक लेने की भी आवश्यकता हो सकती है - कोई भी बूस्टर आपकी अतिरिक्त (तीसरी) खुराक के 3 महीने बाद ली जानी चाहिए।

दुष्प्रभाव

बहुत सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- जिस बाजू पर इंजेक्शन लगाया गया था, उस में दर्द, भारीपन और कोमलता महसूस होना। यह टीके के लगभग 1 से 2 दिनों के बाद और बुरा हो जाता है
- थकान महसूस करना
- सरदर्द होना
- सामान्य दर्द, या हल्के फ्लू जैसे लक्षण होना

आप आराम कर सकते हैं और पेरासिटामोल ले सकते हैं (पैकेजिंग में खुराक की सलाह का पालन करें) ताकि आप बेहतर महसूस कर सकें। हालांकि 2 से 3 दिनों के लिए बुखार महसूस करना असामान्य नहीं है, उच्च तापमान असामान्य है और यह संकेत दे सकता है कि आपको COVID-19 या कोई अन्य संक्रमण है।

टीकाकरण के बाद के लक्षण आमतौर पर एक सप्ताह से भी कम समय तक रहते हैं। यदि आपके लक्षण बदतर होने लगते हैं या यदि आप चिंतित हैं, तो आप NHS 111 पर कॉल कर सकते हैं।

टीकाकरण कैसे प्राप्त करें

आप अपनी तीसरी खुराक के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं या स्वयं क्लिनिक जा सकते हैं। क्लिनिक को यह देखने में मदद करने के लिए कि आप पात्र हैं, कृपया अपने जीपी या विशेषज्ञ से कोई पत्र या आप जो दवा ले रहे हैं उसकी जानकारी लाएं।

किन लोगों का तीसरा टीकाकरण नहीं होना चाहिए

यदि आपको टीके की पिछली खुराक के कारण गंभीर प्रतिक्रिया हुई है, तो आपको अपने डॉक्टर से इस बारे में चर्चा करनी चाहिए।

यदि आपका एक टीकाकरण छूट गया है

यदि आपने अभी तक टीके की अपनी पहली 2 खुराकों में से कोई भी नहीं ली है, तो आपको उन्हें जल्द से जल्द लगवाना चाहिए।

यदि अब आपकी दूसरी खुराक को 8 सप्ताह से अधिक समय हो गया है, तो कृपया अपनी अतिरिक्त (तीसरी) खुराक जल्द से जल्द लेने की व्यवस्था करें।

यदि आपकी आयु 12 वर्ष या उससे अधिक है, तो आपको बूस्टर लगवानी होगी। आपकी तीसरी खुराक के 3 महीने बाद आपको बूस्टर दी जानी चाहिए।

यदि आपने पहले से ही अपनी बूस्टर लगवा ली है, तो आप इस वसंत में एक और बूस्टर के भी योग्य हो जाएंगे।

यदि नहीं, तो आप जल्द ही वसंत अभियान के भाग के रूप में अपनी बूस्टर लगवा सकते हैं।

आपको संभव रूप से इस शरद ऋतु में एक और बूस्टर लगवानी होगी।

अधिक जानकारी

www.nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/coronavirus-vaccination/

और आप यहां पढ़ सकते हैं कि आपके COVID-19 टीकाकरण के बाद क्या उम्मीद की जाए

www.gov.uk/government/publications/covid-19-vaccination-what-to-expect-after-vaccination

© Crown copyright 2021. UK Health Security Agency gateway number: 20211352.
Product code: C22WI2HI Hindi. 500K 2p MAR 2022 (APS). Version 3. 02/03/2022. If you want to order more copies of this leaflet using the product code C22WI2HI Hindi, please visit: www.healthpublications.gov.uk